दिनांक 15.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव एवं नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देश पर अमृत मिशन योजना के दुसरे चरण के लिए निविदा पूर्व बैठक का आयोजन निगम सभागार में किया गया जिसमें 13 कम्पनियों ने हिस्सा लिया है, जिसकी अध्यक्षता 77 एमएलडी के ईई टी0के0 रणदिवे, पीडीएमसी के हितेश कोल्लर, प्रभाकर राव, राजेश कुमार, राजा बाबू, ने की है, जिसमें पीएमसी स्काडा एण्ड ऑटोमेशन पर आधारित यह बैठक थी। जिसमें 77 एमएलडी के अलावा 66 एमएलडी और 6 एमएलडी संयंत्रों का निर्माण होना है। 66 एमएलडी को शिवनाथ इंटकवेल से जल उपलब्ध होगा जबकि 6 एमएलडी संयंत्र को मोरिद जलाशय जल की उपलब्धता कराई जायेगी। इसमें पूर्व से कार्यरत् 20 पुरानी टंकियों के ऑनलाईन मानिटरिंग की व्यवस्था रहेगी इस परियोजना की लागत 1111.19 लाख होगी तथा इससे आगामी 20 वर्षों तक शहर को पेयजल की आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं होगा।

संलग्न–फोटो **जनसम्पर्क अधिकारी**

भिलाईनगर/ प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत ''मोर जमीन मोर मकान'' का निगम क्षेत्र में चल रहे कार्यों की समीक्षा योजना के कार्यपालन अभियंता एस0पी0 साहू द्वारा की गई। बैठक उपस्थित आर्किटेक्ट एवं पीएमसी एजेंसी को निर्देशित करते हुए अप्रारम्भ कार्यों को आवासों को शीघ्र प्रारम्भ करने को कहा। योजना में स्वीकृत हितग्राहियों के आवास का निर्माण हितग्राहियों द्वारा प्रारम्भ नहीं किये जा रहें हैं ऐसे प्रकरणों को निरस्त करने हेतु प्रस्तावित करने को कहा।

बैठक में सहायक अभियंता विनीता वर्मा, उप अभियंता जयंत शर्मा, सीएलटीसी सुधांशु शर्मा, अभिषेक बजाज एवं समस्त आर्किटेक्ट उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी